ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

रविवार, 1 जून 2024
वर्ष 5, अंक 195, पृष्ठ 16
2 शब्द, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

नाटक के जरिए तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में बताया

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में ऑकोलॉजी विभाग के डॉ. हिमांशी खट्टर, डॉ. अभिषेक भद्री, डॉ. ब्रिजेश महेश्वरी, डॉ. पल्लवी गौड़, डॉ. लाया के सातियान, डॉ. अनिकेत जाधव, डॉ. संयमिता जैन, डॉ. अनीश एके, डॉ. सोमदत्ता सिंघा आदि ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। पीजी स्टूडेंट मीशा ने तंबाकू के दुष्परिणामों को दर्शाती कविता सुनाई। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक एवं कैंसर विशेषज्ञ प्रो पीयूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को तंबाकू न खाने की शपथ दिलाई। डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.सीएम चतुर्वेदी ने सभी के सामने तंबाकू की पुड़िया निकाल कर डिब्बे में डाली और भविष्य में तंबाकू न खाने की शपथ ली। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, डॉ.अरविंद चौहान, डॉ. पवन मेहरोत्रा, डॉ.आयुष गर्ग, डॉ.राशिका सचान, डॉ.अदादि श्रीनिवास नायडू आदि मौजूद रहे।